राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक

पाठ 13 : सुखी राजकुमार

कार्यपत्रक -13

1. आपने सुखी राजकुमार की कहानी पढ़ी। ये कहानी आपके जीवनानुभव के निकट है या दूर? उल्लेख कीजिए।

2. “देश का सुविधा सम्पन्न वर्ग सुखी राजकुमार की आरंभिक जीवन शैली की भांति रहता है” इस कथन के समर्थन अथवा विरोध को तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

3. ‘सुखी राजकुमार’ कहानी में चित्रित देशकाल वातावरण की तुलना अपने नगर से कीजिए।

4. “हम जैसी संगति रखते हैं, वैसे ही बन जाते हैं” ‘सुखी राजकुमार’ कहानी के इस कथन की विवेचना कीजिए।

5. यदि आप सुखी राजकुमार के स्थान पर होते, तो अपने नगर को सुखी बनाने के लिए क्या-क्या कार्य करते? उल्लेख कीजिए।

6. आप की दृष्टि में स्वर्ग के हकदार किस प्रकार के लोग होने चाहिए?

7. आपने ‘सुखी राजकुमार’ कहानी के मूल संदेश से क्या प्रेरणा ली? इस दिशा में आपने क्या कार्य किए? उल्लेख कीजिए।

8. क्या आपको इस कहानी का अंत उपयुक्त लगा? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क लिखिए।

9. ‘सुखी राजकुमार’ अँग्रेजी लेखक ऑस्कर वाइल्ड द्वारा लिखी कहानी है जिसका हिन्दी में अनुवाद किया गया है। अपनी पसंद की एक अन्य अनूदित कहानी पढ़िए और अनुवाद की स्वाभाविकता की दृष्टि से दोनों कहानियों का तुलनात्मक विश्लेषण लिखिए।

10. ‘सुखी राजकुमार’ कहानी के भाषागत सौंदर्य पर एक टिप्पणी लिखिए।